# University in News on 04 November 2024

## AMAR UJALA MY CITY PAGE 5

### लविवि : अब प्रोजेक्ट शोध सहायकों की नियुक्ति करेगी समिति

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय में विभिन्न शिक्षकों को मिले प्रोजेक्ट में शोध सहायकों और विभिन्न पदों पर नियुक्ति की कमान अब चार सदस्यीय समिति संभालेगी। इसके लिए कुलसचिव ने समिति का गठन कर दिया है। अभी तक विभिन्न पदों पर नियुक्ति के लिए केंद्रीयकृत व्यवस्था नहीं थी।

**विभागीय स्तर पर नियुक्तियों की व्यवस्था समाप्त**

कुलसचिव विद्यानंद त्रिपाठी की ओर से जारी आदेश में डीन रिसर्च, उप कुलसचिव-प्रोजेक्ट, संबंधित विभागाध्यक्ष और संबंधित प्रधान शोधार्थी को शामिल करते हुए चार सदस्यीय समिति बनाई गई है। इस साल लविवि को प्रदेश भर के सभी विश्वविद्यालयों के मुकाबले सबसे ज्यादा शोध प्रोजेक्ट मिले हैं। (माई सिटी रिपोर्टर)

## i-NEXT PAGE 4

### नौ को हबीबुल्लाह हॉस्टल में होगा 'समागम-2024'

**पहली बार हॉस्टल का लोगो जारी किया जाएगा**

lucknow@inext.co.in

LUCKNOW (2 Nov): लखनऊ विश्वविद्यालय के हबीबुल्लाह हास्टल में नौ नवंबर को होने वाले एल्युमिनाई मीट 'समागम-2024' में पहली बार हास्टल का लोगो जारी किया जाएगा. समारोह में मुख्य अतिथि कुलपति प्रोफेसर आलोक कुमार राय पूर्व छात्र एवं केंद्र सरकार में हिंदी अधिकारी रहे डा. राज महेश मिश्रा की किताब 'पंडित बदरी नाथ भट्ट-जीवन और साहित्य' के साथ-साथ हास्टल की पत्रिका युगांतर का विमोचन करेंगे.

**1941 में पहला छात्र आवंटन**

लवि का हबीबुल्लाह हास्टल वर्ष 1934 से बनना शुरू हुआ था. वर्ष 1941 में पहला छात्र आवंटन किया गया. वर्ष 1942 में भारत छोड़ो आंदोलन में हास्टल के छात्रों की अहम भूमिका भी रही.

**विजेताओं को पुरस्कार**

हास्टल के प्रोवोस्ट डा. महेंद्र अग्निहोत्री ने बताया कि हबीबुल्लाह हास्टल एल्युमिनाई एसोसिएशन की ओर से होने वाले इस आयोजन में करीब 200 पूर्व छात्रों को आमंत्रित किया जा रहा है. समारोह में पूर्व छात्र एवं लोक गायक श्याम पाल गीतों की प्रस्तुति देंगे. इस अवसर पर खेल एवं सांस्कृतिक प्रतियोगिताओं के विजेताओं को पुरस्कृत भी किया जाएगा.

## JAGRAN CITY PAGE III

### एल्युमिनाई मीट में जारी होगा हास्टल का लोगो



लवि का हबीबुल्लाह हास्टल • फाइल

जासं • लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय के हबीबुल्लाह हास्टल में नौ नवंबर को होने वाले एल्युमिनाई मीट 'समागम-2024' में पहली बार हास्टल का लोगो जारी किया जाएगा। समारोह में मुख्य अतिथि कुलपति प्रोफेसर आलोक कुमार राय पूर्व छात्र एवं केंद्र सरकार में हिंदी अधिकारी रहे डा. राज महेश मिश्रा की किताब 'पंडित बदरी नाथ भट्ट-जीवन और साहित्य' के साथ-साथ हास्टल की पत्रिका युगांतर का विमोचन करेंगे।

लवि का हबीबुल्लाह हास्टल वर्ष 1934 से बनना शुरू हुआ था। वर्ष 1941 में पहला छात्र आवंटन किया गया। वर्ष 1942 में भारत छोड़ो आंदोलन में हास्टल के छात्रों की अहम भूमिका भी रही। हास्टल के प्रोवोस्ट डा. महेंद्र अग्निहोत्री ने बताया कि हबीबुल्लाह हास्टल एल्युमिनाई एसोसिएशन की ओर से होने वाले इस आयोजन में करीब 200 पूर्व छात्रों को आमंत्रित किया जा रहा है। समारोह में पूर्व छात्र एवं लोक गायक श्याम पाल गीतों की प्रस्तुति देंगे। खेल एवं सांस्कृतिक प्रतियोगिताओं के विजेताओं को पुरस्कृत किया जाएगा।